हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 मार्च 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 गैस एजेंसियों पर बुकिंग के लिए उमड़ रही उपभोक्ताओं...



07 कलेक्टर की अभिनव पहल : 1 अप्रैल को किसान...



## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में आयुष्मान कार्ड शिविर में 85 छात्राओं के बने कार्ड

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन और एनएसएस प्रभारी डॉ. शांता अहिरवार के निर्देशन में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने छात्राओं का पंजीयन किया। शिविर में 149 छात्राओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 85 छात्राओं के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

### बरवाई सेक्टर में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कुरवाई के बरवाई सेक्टर में समृद्धि विकास सहयोग समिति (नवांकुर संस्था) द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भवन बरबाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक समन्वयक आशीष जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रशिक्षण में पांचों ग्राम समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियाँ शामिल हुईं। वक्ताओं ने शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, दस्तावेज, नियमित बैठक और जनजागरूकता पर मार्गदर्शन दिया। जनपद सदस्य विनय सिंह लोधी व मेंटर कमलेश साहू ने भी संबोधित किया।

### योजनाओं की जानकारी स्वच्छता की शपथ दिलाई

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, कृषि और आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। महिला सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राधेश्याम खंगार, मनरेगा लेखा शाखा से विजय देवरिया, छात्रावास अधीक्षिका वंदना जाधव, सरपंच राहुल गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### एक बगिया मां के नाम से मिली नई दिशा

**विदिशा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ी बागरोद में संचालित एक बगिया मां के नाम पहल ग्रामीण आजीविका का प्रेरक उदाहरण बन रही है। योजना के तहत हितग्राही चन्द्रमुखी एवं रामेश्वर चिड़ार को वर्ष 2025-26 में कीर्ति स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लाभ मिला। उन्होंने अपनी भूमि पर ताइवान पिंक अमरूद के 100 पौधे लगाए हैं, जिनसे डेढ़ से दो वर्ष में उत्पादन मिलने की संभावना है। जैविक उर्वरक व नियमित देखभाल से बगिया तेजी से विकसित हो रही है। यह पहल परिवार की आय बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण और हरित विकास को भी बढ़ावा दे रही है।

### कृषि सिंचाई योजना से किसान की बढ़ी आय

**विदिशा।** जिले के त्योंदा तहसील के ग्राम बूढ़ी बागरोद के किसान रामेश्वर चिढ़ार ने कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले वे परंपरागत खेती करते थे, लेकिन विभाग से जुड़ने के बाद उन्हें डायरेक्टर व मल्चिंग सहित वर्मी कंपोस्ट किट की सुविधा मिली। इसके बाद उन्होंने प्राकृतिक और जैविक पद्धति से खेती शुरू की। वर्तमान में वे टमाटर, भिंडी और तरबूज सहित विभिन्न सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। इससे उनकी खेती लाभकारी बन गई है और आय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षक संगठनों ने किया अलग- अलग प्रदर्शन

# टीईटी परीक्षा को लेकर प्रदर्शन, शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने की मांग

- ज्ञापन देकर विभिन्न संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने के आदेश का विरोध तेज हो गया है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, शिक्षक संयुक्त मोर्चा सहित अन्य शिक्षक संगठनों ने शुक्रवार को ज्ञापन प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि इस निर्णय से प्रदेशभर के शिक्षकों में भ्रम और चिंता का माहौल बन गया है। शिक्षक संगठन के प्रांतीय आह्वान पर जिले के कर्मचारियों और शिक्षकों ने प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश के शिक्षक वर्ग में असमंजस की स्थिति बन गई है और बड़ी संख्या में शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इधर शिक्षा विभाग ने परीक्षा देने वाले शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। जिन्हे यह परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है।




### शिक्षक संयुक्त मोर्चाः कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ लगातार भेदभाव करने का आरोप

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य करने के आदेश के विरोध में शुक्रवार को शिक्षक संघ मोर्चा के बैनर तले जिलेभर के शिक्षकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने इस आदेश को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए पात्रता परीक्षा को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि कई शिक्षक 25 से 28 वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में अब उन्हें पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। कभी उनकी सेवाकाल 2007 से तो कभी 2018 से मानी जाती है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने का निर्णय शिक्षकों के सम्मान के खिलाफ है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने आदेश वापस नहीं लिया तो शिक्षक आंदोलन को और तेज करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान



राजेंद्र सिंह यादव, उमराव सिंह कुशवाह, सीएल वंशकार, मुकेश मालवीय, सुधीर सक्सेना, रणधीर सिंह रघुवंशी, पटवारी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष मनोज बघेल, विनय सक्सेना, मनोज शर्मा, चंद्रभूषण किरार, केशन रघुवंशी, केजी राय, सौदान सिंह, लोकेश श्रीवास्तव, राजेश दीक्षित, प्रेम नारायण परिहार सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

### नियमों के तहत हुई थीं शिक्षकों की नियुक्तियां

मप्र राज्य कर्मचारी संघ का तर्क है कि शिक्षकों की नियुक्तियां शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत भर्ती प्रक्रिया पूरी कर की गई थीं। कई शिक्षक लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। अब 25 से 57 वर्ष तक की आयु वर्ग के शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा के दायरे में लाया जा रहा है, जिससे उन्हें मानसिक दबाव और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को अचानक परीक्षा की अनिवार्यता में शामिल करना न्यायसंगत नहीं है।

### सरकार से रिव्यू पिटीशन दायर करने की मांग की

मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि इस आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए और न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दायर कर शिक्षक संवर्ग के हितों की रक्षा की जाए। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। टीईटी परीक्षा के विरोध को लेकर रणनीति बनाई जा रही है।

# महिला की हत्या के बाद परिजनों ने चक्काजाम किया भारी पुलिस बल रहा तैनात

**शादी में आई थी महिला, आरोपियों को फांसी की मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शमशाबाद से नामाखेड़ी कोटरा में शादी समारोह में अपने किराएदार के साथ शामिल होने आई एक 50 वर्षीय महिला संगीता राजपूत की जघन्य हत्या कर दी गई।

शुक्रवार को महिला के पीएम के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं शमशाबाद में परिजनों और समाजजनों ने चक्काजाम कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिला बुधवार को नामाखेड़ी कोटरा की करारिया चौराहे पर आयोजित शादी समारोह में आई थी। गुरुवार की देर शाम उसकी लाश बैरसिया रोड स्थित निर्माणाधीन हाईवे के पास मिली। गला घोंटकर हत्या की गई है।

### जांच में जुट गई पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए, डॉग स्क्वॉड की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में महिला के शव का पीएम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी मिल रही है कि महिला बुधवार को रात 3 बजे तक शादी समारोह में देखी गई। इसके बाद किसी ने नहीं देखा। जबकि शादी में शामिल लोगों का कहना है कि संगीता को गुरुवार सुबह बस में बैठाया था।

### परिजनों ने शमशाबाद में किया चक्काजाम

इधर घटना से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने शमशाबाद के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें फांसी दिए जाने की मांग की। इस चक्काजाम के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। मृतका के बेटे पुष्पेंद्र राजपूत ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें एनकाउंटर किए जाने की बात कही। वहीं, एसडीओपी अमरेश बोहरे ने बताया कि पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में अचल संपत्तियों का बाजार मूल्य तय, 17 मार्च तक आमजन से मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में अचल संपत्तियों के अनंतिम बाजार मूल्य प्रस्ताव के निर्धारण को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिले की विभिन्न उपखंड समितियों से प्राप्त प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण और




विश्लेषण किया गया। अधिकारियों एवं समिति सदस्यों द्वारा प्रस्तावित बाजार मूल्यों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए गए, ताकि संपत्तियों के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवहारिक हो सके। बैठक में तैयार किए गए अनंतिम प्रस्तावों पर जनसामान्य से भी सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। आम नागरिक इन प्रस्तावों पर अपने सुझाव एवं आपत्तियां 17 मार्च 2026 तक प्रस्तुत कर सकेंगे। वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय तथा जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालयों में अनंतिम प्रस्ताव की प्रतियां अवलोकनार्थ उपलब्ध कराई गई हैं। इच्छुक नागरिक इन कार्यालयों में जाकर प्रस्तावित बाजार मूल्यों का अवलोकन कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि तक अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने अपील की है कि वे प्रस्तावित बाजार मूल्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दें।

### आईटीआई प्रशिक्षण से अग्निवीर बने गौरव

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के गौरव चिढ़ार का चयन भारतीय सेना के अग्निवीर पद पर हुआ है। गौरव ने वर्ष 2024 में मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड से आईटीआई प्रशिक्षण पूरा किया था। इसके बाद उन्होंने अग्निवीर भर्ती में सफलता प्राप्त कर सेना में स्थान बनाया। वर्तमान में वे नासिक स्थित आर्मी मोटर वर्कशॉप में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां उन्हें प्रशिक्षण अवधि में लगभग 30 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। गौरव ने आईटीआई से कौशल हासिल कर रोजगार प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनने के साथ अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# जूनियर डॉक्टर्स के स्टाइपेंड में वृद्धि का आदेश जारी

**स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के बाद समाप्त की थी हड़ताल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत जूनियर डॉक्टर्स के स्टाइपेंड में वृद्धि को लेकर लंबित आदेश जारी कर दिया गया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) विदिशा के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ. विमल मेहरा ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार स्टाइपेंड में लगभग 2.9 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह बढ़ी हुई राशि अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी, जिससे प्रदेशभर के जूनियर डॉक्टर्स को लाभ मिलेगा। डॉ. मेहरा ने बताया कि सरकार द्वारा अगले सत्र के लिए स्टाइपेंड संबंधी आदेश भी अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जारी करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने इस निर्णय के लिए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि जूडा विदिशा हमेशा मानव सेवा के लिए समर्पित रहा है और आगे भी मरीजों की सेवा के लिए इसी तरह कार्य करता रहेगा। साथ ही जूडा ने आंदोलन के दौरान सहयोग करने वाले सभी मीडिया बंधुओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम एसएटीआई कॉलेज के वीवी नाथू कंप्यूटर सेंटर में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने बताया कि एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, सभी अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) तथा जिला कार्यालय से जनगणना लिपिक शामिल हुए।

ग्रामीण क्षेत्रों से चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी एवं चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक तथा नगरीय क्षेत्र से नपा और नगर परिषद के मुख्य सीएमओ भी प्रशिक्षण में सहभागी बने।

# अधिकारियों ने दुकानों का निरीक्षण कर इंडक्शन का स्टाक रखने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

घरेलू गैस की टंकी उपलब्धता में देरी होने पर शहर के लोगों को दिक्कतों का सामान न करना पड़े इसलिए प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर पहुंचकर इंडक्शन की स्टाक की जांच की उन्होंने विभिन्न कंपनियों के इंडक्शन के रेट भी लिए ताकि गैस की दिक्कत होने पर व्यापारी अधिक दाम न वसूल सकें। वहीं व्यापारियों को पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गैस और पेट्रोल की किल्लत की चर्चाओं से शहरवासी गैस की टंकियां भरवाकर रख रहे हैं और गाड़ियों में पेट्रोल भी अधिक मात्रा में भरवाया जा रहा है।



### लाडली बहना योजना में 2.71 लाख महिलाओं के खातों में 40 करोड़ जमा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि जारी की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ग्वालियर के घाटीगांव-भितरवार से सिंगल क्लिक के माध्यम से मार्च 2026 की किस्त लाभार्थियों के खातों में अंतरित की। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 312 महिलाओं के खातों में लगभग 40 करोड़ रुपये सीधे भेजे गए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत मुख्यालयों पर किया गया, जहां महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। लाड़ली बहना योजना की राशि जिले की महिलाओं के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

## नए जिनालय में भगवान आदिनाथ नए आसन पर विराजमान

# जन्म कल्याणक पर समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तृतीय दिवस पर तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में जैसे ही अयोध्या नगरी में राजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी के यहां तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ, देवराज इंद्र का आसन कम्पायमान हो उठा और तीनों लोकों में आनंद की लहर छा गई।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजकर 18 मिनट पर जन्म कल्याणक की घोषणा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया द्वारा की गई। इसके साथ ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं और इंद्र-



इंद्राणियों में उत्साह का वातावरण बन गया। राजा नाभिराय द्वारा किमिच्छिक दान की घोषणा की गई तथा हथकरघा के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट और जीवदया के लिए गौशाला में दान की घोषणाएं भी की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सौधर्म इंद्र बालक आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले। पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अश्वरथों पर अपने परिवारों के साथ सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जैन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर तिलक चौक, माधवगंज और अस्पताल रोड होते हुए पुनः अयोध्या नगरी पांडाल पहुंची, जहां पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का अभिषेक किया गया।

### मुनि ने बताई भगवान आदिनाथ की महिमा

निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज ने कहा कि भगवान आदिनाथ ने मानव समाज को असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्पकला जैसे षट्कर्मों का ज्ञान देकर सभ्यता को दिशा दी। मुनिश्री ने बताया कि वर्ष 2008 में गुरुदेव ने बरों वाले बाबा की प्रतिमा की अगवानी की थी और इसे अतिशयकारी प्रतिमा बताते हुए भव्य जिनालय निर्माण की प्रेरणा दी थी। इसी भावना से अशोक जैन (सागर वाले) एवं मोहन जैन द्वारा पाषाण का मंदिर बनवाया गया। आज चतुर्थ दिवस पर वैराग्य के दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें अप्सरा नीलांजना के नृत्य के माध्यम से संसार की असारता दर्शाई जाएगी।

### पीएम किसान सम्मान निधिः 2.33 लाख किसानों को 46.68 करोड़ जमा

**विदिशा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शुक्रवार को जिलेभर में देखा गया। जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी के वीसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किसानों को राशि स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा तथा कलेक्टर अंशुल गुप्ता उपस्थित रहे। योजना के तहत जिले के 2,33,445 किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से कुल 46.68 करोड़ की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5605
सरसों
न्यूनतम भाव -4500
उच्चतम भाव- 6800
चना
न्यूनतम भाव -3800
उच्चतम भाव- 5516
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7410
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3100
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2760
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2165
उच्चतम भाव-2215
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3462
तुअर
न्यूनतम भाव-6950
उच्चतम भाव-6950
धनिया
न्यूनतम भाव-9100
उच्चतम भाव-9701
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-4001
बटरी
न्यूनतम भाव-3165
उच्चतम भाव-4610
मक्का
न्यूनतम भाव-1050
उच्चतम भाव-1728
ज्वार
न्यूनतम भाव-2285
उच्चतम भाव-3220
मूंग
न्यूनतम भाव-6805
उच्चतम भाव-6805
मटर
न्यूनतम भाव-3370
उच्चतम भाव-3860
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6700

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 20154 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## रेत का अवैध रूप से उत्खनन करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में खनिज अधिकारी एवं खनिज निरीक्षक द्वारा अमले के साथ बेतवा नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम निबोदिया एवं कुरावद क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते पाए जाने पर एक रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। साथ ही मौके से दो रेत छानने वाले छन्ना, चार फावड़े और 12 तगाड़ियां सहित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री को सुरक्षित रखते हुए दो छन्नों को देहात थाना में जमा कराया गया है। यह पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री के संबंध में नियमानुसार प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी करते युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चोरी की नीयत से कबाड़ की दुकान में घुसे एक युवक को नागरिकों ने हाथ बांधकर जमकर पीटा इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्योंदा रोड पर शुक्रवार को चोरी की नीयत से घुसे एक युवक को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साए लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की। यह पूरा मामला एक कबाड़ी की दुकान के पास का है।

बताया जा रहा है कि गोलू नाम का यह युवक अपने कुछ साथियों के साथ लोहे का सामान चोरी करने की कोशिश कर रहा था। तभी वहां मौजूद लोगों की नजर उन पर पड़ गई। भीड़ को अपनी ओर आता देख गोलू के बाकी साथी तो मौके से भाग निकले, लेकिन गोलू लोगों के हत्थे चढ़ गया। युवक के पकड़ाते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीड़ ने पहले तो उसकी पिटाई की और फिर रस्सी से उसके दोनों हाथ एक खंभे से बांध दिए और मारपीट की। इसके बाद युवक को पैदल चलाते हुए मुख्य मार्ग से लेकर गए और शहर थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवक गोलू को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल कर रही है और पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध चोरी करने के प्रयास के मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### व्यावसायिक सिलेंडर न मिलने से बड़ी परेशानी, दुकानदार परेशान

# गैस एजेंसियों पर बुकिंग के लिए उमड़ रही उपभोक्ताओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





विगत दिनों से चल रहे युद्ध का असर गैस सिलेंडर वितरण पर नजर आ रहा है। जिसके चलते नगर में संचालित गैस एजेंसियों पर सुबह से लेकर शाम तक गैस सिलेंडर बुक कराने उपभोक्ताओं की लंबी लंबी कतारें लग रहीं हैं। वहीं ऊपर से मिले आदेशों के बाद एजेंसियों द्वारा अचानक व्यावसायिक सिलेंडरों पर रोक लगाए जाने से गैस सिलेंडरों पर आधारित होटल व्यवसायियों और छोटे चाय दुकानदार अपना कारोबार बंद करने मजबूर हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से शादी समारोह में बुकिंग करने वाले कैटर्स भी परेशान हैं। कई कैटरर्स ने अपनी बुकिंग तक कैंसिल कर दी है। नगर में दो गैस एजेंसी संचालित हैं इनमें बासौदा गैस एजेंसी के पास लगभग 25 हजार उपभोक्ता हैं। जबकि मां शीतला गैस एजेंसी के पास 22 हजार के लगभग उपभोक्ता हैं। नगर एवं ग्रामीण अंचलों में मिलाकर लगभग 50 हजार रसोई गैस उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन नंबर सर्वर डाउन होने के कारण नहीं लग पा रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर पहुंचकर ऑफलाइन गैस सिलेंडर बुक कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रही है जिनके परिवारों में शादी विवाह के अलावा कोई अन्य समारोह आयोजित किया जाना है। बरेठ रोड, त्योंदा रोड पर चाय की दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण 2 दिन से उनकी चाय की दुकान बंद है। एजेंसी पर नंबर भी नहीं लग रहे हैं। जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। नंबर लगाने के लिए एजेंसियों पर भीड़ बढ़ रही है। उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

तहसीलदार अरविंद यादव और खाद्य अधिकारी पिंकी शाक्य मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के स्टॉक और उसकी आपूर्ति व्यवस्था की गहनता से जांच की। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर की सभी गैस एजेंसियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपयोग में आने वाले गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ता परेशान ना हो बुकिंग के बाद तय समय सीमा में उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल रहे हैं। उन्होंने शहर के निवासियों को आश्वस्त किया कि घरेलू गैस की पर्याप्त व्यवस्था है और उन्हें किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एजेंसी द्वारा नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की पूर्ति की जा रही है। लेकिन व्यावसायिक उपयोग के लिए दुकानदारों द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की कमी बताई जा रही है। कई छोटे दुकानदार, विशेषकर चाय की दुकानें चलाने वाले, गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण परेशान हैं। छोटे दुकानदारों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व कमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन उन्हें अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है। इस वजह से उन्हें अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता को लेकर जय स्तंभ चौराहे पर युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने छोटे दुकानदारों को हो रही परेशानियों के संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र के अंतर्गत होटल व्यवसायी, छोटे व्यवसाई, ठेला रेहड़ी संचालक, जैसे चाट-पकौड़ी और फास्ट फूड विक्रेता, वर्तमान में गैस सिलेंडर की कमी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। इस समस्या से उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के वितरण में आ रही बाधाओं के कारण इन छोटे व्यापारियों के रोजगार पर संकट गहरा गया है। इससे उनके परिवारों के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से गैस एजेंसियों को छोटे व्यापारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की गई तथा घरेलू गैस की प्रतीक्षा अवधि कम करने और गैस वितरण प्रणाली की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का भी अनुरोध किया गया। इस दौरान अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वोल्टेज की समस्या के निराकरण की मांग

**गंजबासौदा।** गत दिवस एसडीएम बंगले के पास रहने वाले नागरिकों ने वोल्टेज की समस्या को लेकर विद्युत कंपनी के उप प्रबंधक को शिकायती आवेदन सौंपा। जिसमें रहवासियों ने बताया कि बस्ती में लंबे समय से बिजली के वोल्टेज में उतार-चढ़ाव हो रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं हुआ। नागरिकों के मुताबिक अचानक वोल्टेज बढ़ने से घरों के बल्ब फ्यूज हो जाते हैं। पंखे तेज चलने लगते हैं। फ्रिज-फ्रीजर समेत दूसरे उपकरण खराब हो रहे हैं। समस्या ज्यादातर रात में सामने आती है। शिकायत में कहा गया कि एसडीएम बंगला क्षेत्र में सेंगर साहब वाली गली और सिंधी कॉलोनी की गली के निवासी ज्यादा प्रभावित हैं। रहवासियों ने कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### प्रतिदिन लगने वाला जाम बना मुसीबत

**गंजबासौदा।** नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन लगने वाला जाम आमजन, वाहन चालकों, राहगीरों, दुकानदारों और रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। शुक्रवार को पचमा बायपास मार्ग पर दिन में कई बार वाहनों के फंस जाने से जाम की स्थिति निर्मित होती रही। वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में मार्ग पर फंसे रहे और परेशान होते रहे। उल्लेखनीय है कि इस बायपास मार्ग पर प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक चौबीस घण्टे सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, ट्रक, डंपर, बस सहित अन्य भारी वाहनों की आवाजाही होती है।

## मां कर्मादेवी जयंती समारोह रविवार को



**गंजबासौदा।** साहू समाज द्वारा मां कर्मादेवी जयंती समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडी साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, वार्ड क्रमांक 18 पार्षद नीलू चंद्रशेखर चौबे, वार्ड क्रमांक 7 पार्षद सुनील साहू मौजूद रहेंगे। मां कर्मादेवी जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह 9 बजे से सिद्धेश्वर महादेव मंदिर धर्मकांटा से विशाल वाहन रैली शुरु होकर मुख्य मार्गों से होते हुए पचमा रोड स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। दोपहर 2 बजे से मां कर्मादेवी की पूजन आरती एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

## विद्युत ट्रांसफार्मरों के चारों ओर लगाई जा रही जालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों में खुले अवस्था में लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों के आसपास लोहे की जालियां लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। जिसके तहत मील रोड पर विद्युत ट्रांसफार्मर के चारों ओर लोहे की जालियां लगाकर उसको कवर्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर में लगभग सभी स्थानों पर खुले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं जहां भोजन की तलाश में आने वाले जानवर कई बार करंट की चपेट में आकर अपनी जान गवां चुके हैं वहीं अनेक लोग भी करंट की चपेट में आ चुके हैं। सर्वाधिक दुर्घटनाएं बारिश के मौसम में होती हैं जब विद्युत ट्रांसफार्मरों के पास लगे लोहे के विद्युत खंभों में करंट उतर जाता है। करंट की चपेट में आकर मवेशी अपनी जान गवां देते हैं एवं लोग भी करंट का शिकार होकर घायल हो जाते हैं। जिनको देखते हुए कंपनी द्वारा लोहे की जालियां लगाने का कार्य शुरु कर दिया है।

### कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष ने किया संबोधित

## एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील कार्यक्रम संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील प्रोग्राम अन्तर्गत मेला ग्राउंड कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, मधुलिका रज्जन अग्रवाल, अंशलेखा भावसार, मधु रामपुरी ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग से आरती खत्री आयुष ऑफिसर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास में आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, सह सहायता समूह, किराना दुकान संचालक, नगर पालिका सफ़ाई कर्मचारी महिलाओं एवं युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता है तथा महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की सामूहिक शपथ भी ली। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नगर पालिका सफ़ाई कर्मचारी,आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा किराना दुकान संचालित महिलाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह, स्टॉल एवं उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. सचिन अग्रवाल द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, सह सहायता समूह, किराना दुकान संचालक, नगर पालिका सफ़ाई कर्मचारी महिलाओं एवं युवाओं से सोना पंथी, प्रिया वंशकार, सलोनी चौकसे, प्रद्युम्न पंथी, सिमरन विश्वकर्मा, राहुल नामदेव, नेहा रघुवंशी, महिमा विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## नवीन न्यायालय में नेशनल लोक अदालत आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले न्यायालयों के लंबित एवं बैंक विद्युत, नगरपालिका, दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए हरप्रसाद बंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, स्नोमारिया तिग्गा द्वितीय, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा को सम्मिलित किया जाकर 8 खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण विद्युत एवं जलकर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा अध्यक्ष, सचिव अभिभाषक संघ एवं समस्त अधिवक्तागण से राजीनामा के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गई। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में हितग्राहियों से शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप




### मप्र अधिवक्ता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे सिरोंज, मांगा समर्थन

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव 12 मई 2026 को सम्पन्न होने जा रहें है। जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे चुनावी सरगर्मीयां तेज होती जा रही है। इसी क्रम में सिरोंज अधिवक्ता संघ कार्यालय में मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी ने आकर आगामी चुनाव में स्वंय के लिए सिरोंज अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। इस मौके पर सिरोंज अधिवक्ता संघ के सदस्य मौजूद थे।

### हनी सोनी को मिली वाणिज्य विषय में पी-एचडी उपाधि

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर के वाणिज्य विभाग की शोधार्थी छात्रा हनी सोनी को पी-एचडी उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य भारत में गिग अर्थव्यवस्था का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन : रोजगार सृजन के विशेष संदर्भ में" विषय पर किया है जिसमें गिग इकॉनमी को रोजगार के स्वरूप को बदलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में देखा गया है। यह शोध कार्य निर्देशक डॉ. पुष्पा सूर्यवंशी के निर्देशन में संपन्न किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, शोध निर्देशक और अपने शिक्षकों को दिया है। यह शोध गिग अर्थव्यवस्था के विकास और वृद्धि का विश्लेषण, रोजगार के अवसर पैदा करने वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, खाद्य वितरण (ओएफडी) कार्य को अपनाने के लिए प्रेरक कारकों, रोजगार सृजन में ओएफडी प्लेटफार्मों की भूमिका, श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, विभिन्न संभावनाओं और चुनौतियों पर केन्द्रित है। यह अध्ययन इस बात की पड़ताल करता है कि ये प्लेटफार्म स्थानीय रोजगार, विशेष रूप से युवाओं और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए, किस प्रकार योगदान करते हैं।

#### उपार्जन केंद्र पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की किसान भाई करेंगे जांच

# कलेक्टर की अभिनव पहल : 1 अप्रैल को किसान भाइयों के साथ उपार्जन केन्द्रों पर होगी मॉक रन

रिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में 7 अप्रैल से शुरू होने जा रहे रबी उपार्जन के सुचारू और सफल क्रियान्वयन हेतु सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में अभिनव प्रयोग करते हुए जिले के 176 उपार्जन केन्द्रों पर किसान भाइयों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो एवं उनको किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए कलेक्टर द्वारा अभिनव पहल करते हुए कहा कि एक अप्रैल को किसान संघों के पदाधिकारी के साथ सभी 176 उपार्जन केंद्रों पर मॉक रन किया जाएगा जिसमें सभी उपार्जन केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की चेक लिस्ट का अवलोकन किया जाएगा एवं मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी जाएगी। व्यवस्थाओं में कमी होने पर संबंधित अधिकारी तत्काल उनको पूरा करने के लिए निर्देशित करेंगे एवं मौके पर ही उनको पूरा कराएंगे। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवयक निर्देश दिए।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केन्द्रों पर मुख्य रूप से पेयजल, शौचालय, धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था की जावे। साथ ही आवश्यक सूचना के लिए उपार्जन केंद्र पर फ्लेक्स भी लगाए जाएं। उन्होंने बताया कि रबी उपार्जन हेतु 7 अप्रैल से लगभग 10 दिन पूर्व से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था शासन के द्वारा शुरू की जाएगी। किसान भाई जानकारी प्राप्त होते ही अपनी बुकिंग कराएं एवं बुकिंग के द्वारा प्रदान की गई दिनांक को ही अपना उपार्जन करें। उन्होंने निर्देशित किया की मॉक रन के पूर्व सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं।

### नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को करें जागरूक : कलेक्टर

कलेक्टर संदीप जी आर ने किसान संगठनों के विभिन्न पदाधिकारियों से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संवाद किया जिसमें किसान संगठनों के जिला अधिकारी धीरज सिंह ठाकुर के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सभी पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रबी उपार्जन में किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए आप सभी सहयोग करें और उपार्जन केन्द्रों का लगातार निरीक्षण भी करें। नरवाई प्रबंधन के लिए किसान संगठन के पदाधिकारी किसान भाइयों को जागरूक करें साथ में कृषि विभाग के अधिकारी भी किसान संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिले में लगातार जन जागरूकता अभियान प्रारंभ करें जिससे कि जिले में इस बार कहीं भी नरवाई जलाने की बात सामने नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिले में आने वाले हार्वेस्टरों के संचालकों से भी लगातार संवाद किया जाए जिससे कि उनके द्वारा हार्वेस्टर के द्वारा काटी गई फसल के संबंध में नरवाई न जलाए इसके लिए सभी को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी कोई भी किसान नवाई जलता है तो उन पर तत्काल पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए एवं निर्धारित आर्थिक चालान भी किया जाए। किसान संगठन के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष श्री धीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि यह कलेक्टर की अभिनव पहल है इससे किसान भाइयों को उपार्जन करने में आसानी होगी और कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं होगी।



## ओवरलोड से ट्रांसफार्मर में आग: बिजली आपूर्ति बंद लोगों ने पानी-रेत से बुझाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में पुराने हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे लगे एक बिजली के ट्रांसफार्मर में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिसके बाद बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने सूचना मिलते ही तत्काल बिजली की आपूर्ति बंद कर दी। घटना खुरई के परसा चौराहा से पुराने हनुमान मंदिर जाने वाले रास्ते पर हुई। आग काफी देर तक लगी रही, जिसे बुझाने के लिए आसपास के लोगों ने पानी और रेत का इस्तेमाल किया।

बिजली विभाग को सूचना मिलने के बाद आपूर्ति बंद की गई और काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सुधार कार्य शुरू कर दिया है।

## गैस की किल्लत पर आक्रोशित होकर कांग्रेसियों ने सड़कों पर खाली सिलेंडर के साथ जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों एवं गैस की एजेंसीयों पर बढ़ती भीड़ से आक्रोशित होकर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में जोरदार विरोध के साथ सिलेंडर लेकर पैदल घूमकर जमकर नारे लगाए और सरकार की विफलता को उजागर किया। अनेक कांग्रेसी सर पर सिलेंडर रखकर सरकार की गैर जिम्मेदाराना कारनामों के खिलाफ नारी लग रहे थे।

जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की सभी गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं और सिलेंडर की बुकिंग का अंतराल भी बढ़ा दिया गया है। गैस सप्लाई भी बाधित हो रही है और ऑनलाइन व्यवस्था भी फेल हो गई है। महेश जाटव ने कहा कि मात्र 10-12 दिन से चल रहे युद्ध में ही सरकार की किसी भी आपदा या आपात स्थिति से निपटने की स्थिति नहीं है। सरकार की पास मजबूत भंडारण नहीं है प्रधानमंत्री ने फिर सब काम छोड़कर लाइन में लगो योजना शुरू कर दी है। लगातार यह बयान आ रहे हैं कि पर्याप्त भंडार है तो फिर यह गैस की किल्लत की लाइन क्यों लगी हुई है । संसद से नरेंद्र मोदी गायब हैं और रसोई घर से सिलेंडर गायब हो गया है। अमित राम जी दुबे ने कहा कि जनता गैस की समस्या को लेकर त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है सरकार इस आपदा की घड़ी में मुनाफा देख रही है। गैस की कीमत से यह पता चल गया कि सरकार का नेतृत्व कमजोर हाथों में है जो संकट की घड़ी में लोगों के लिए बहुत कष्टदाई होगें ।

## डी-मार्ट के पास ऑटो पलटने से केंद्रीय विद्यालय के दो छात्रों सहित चार घायल

**सागर।** मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डी-मार्ट के पास एक सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें डायल-112 पुलिस की त्वरित कार्रवाई से समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया गया। पुलिस की तत्परता से घायलों को शीघ्र राहत मिली और बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 के दो बच्चों को विश्वविद्यालय क्षेत्र से पीतल फैक्ट्री स्थित उनके घर (मोतीनगर क्षेत्र) छोड़ने के लिए ऑटो क्रमांक एमपी-15-जेडएल-5553 से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान डी-मार्ट के पास अचानक एक मोटरसाइकिल ऑटो के सामने आ जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो पलट गया। दुर्घटना में ऑटो में बैठे दोनों बच्चे घायल हो गए। वहीं सामने से आ रही एक महिला, जो अपने छोटे बच्चे को गोद में लिए हुए थी, भी दुर्घटना की चपेट में आकर घायल हो गई। इस प्रकार हादसे में कुल चार लोग घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम भोपाल द्वारा तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम सागर को अवगत कराया गया। सागर कंट्रोल रूम द्वारा बिना विलंब किए मोतीनगर थाना क्षेत्र की एफआरवी को मौके पर रवाना किया गया। एफआरवी में तैनात सहायक उप निरीक्षक नर्वद सिंह ठाकुर एवं एफआरवी पायलट साजिद खान ने मौके पर पहुंचकर मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए सभी घायलों को सुरक्षित पुलिस वाहन में बैठाकर तत्काल बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका समय पर उपचार प्रारंभ किया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में डायल-112 की मदद आमजन के लिए बेहद भरोसेमंद साबित हो रही है। डायल-112 पुलिस की यह सराहनीय कार्रवाई एक बार फिर यह दर्शाती है कि आपात स्थिति में पुलिस सदैव नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर रहती है तथा मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करते हुए तुरंत राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों को किया जागरूक

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम सागर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए लगातार विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर के तिली, शिवाजी नगर एवं बाघराज वार्ड में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी गई। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को इधर-उधर न फेंकने तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगर निगम की कचरा गाड़ी को ही देना चाहिए, जिससे कचरे का सही प्रबंधन किया जा सके।

## विदिशा विधानसभा के मंडलों की शेष कार्यकारिणी घोषित की

### पदाधिकारियों ने विधायक टंडन से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर मंडल, बेसनगर मंडल, वेत्रवती नगर मंडल, गुलाबगंज मंडल, अहमदपुर मंडल एवं ढोलखेड़ी मंडल की शेष बची नगर मंडल कार्यकारिणियों की घोषणा की गई। कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत नवनियुक्त सभी मंडल के पदाधिकारियों ने शेरपुर स्थित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यालय पहुंचकर विधायक मुकेश टंडन से भेंट की। इस अवसर पर विधायक श्री टंडन ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन आधारित पार्टी है और मंडल स्तर पर सशक्त संगठन ही बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करता है। विधायक टंडन ने पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे संगठन की रीति-नीति और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एनएसएस शिविर में मानसिक स्वास्थ्य और हिंदी के गौरव पर बौद्धिक सत्र हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




सुनपुरा स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान शुक्रवार को एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों और स्कूली बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, इच्छाशक्ति और भारतीय संस्कृति के महत्व की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन (विदिशा) ने 'मानसिक स्वास्थ्य और इच्छाशक्ति' विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आज के समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन भी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इच्छाशक्ति को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करना, नियमित योग-प्राणायाम करना और सकारात्मक सोच बनाए रखना आवश्यक है। विशेष अतिथि एडवोकेट नीरज जैन ने स्वयंसेवकों को कानून और भाषा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी के गौरव को हमेशा बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस के लगभग 50 स्वयंसेवक और विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री बोराना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक आदित्य राजौरिया, यश ठाकुर सहित अन्य शिविरार्थी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से मिले एनएसएस के स्वयंसेवक

**विदिशा।** सेंट मेरी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीज के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेंसिटाइजेशन एवं अवेयरनेस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान तथा सामाजिक न्याय प्राधिकरण की मालती लोधी ने विद्यार्थियों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 एवं नियम 2009 की जानकारी दी। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीपा राठौर, प्रो. नारायण अहिरवार और मोहित यादव के साथ श्री हरि वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से मुलाकात की तथा उन्हें फल वितरित किए। आश्रम संचालक वेद प्रकाश शर्मा और राजीव ने आश्रम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम में सिस्टर प्रभावती, प्रो. हरीश शर्मा, प्रो. सौरभ दुबे, डॉ. दिनेश शाह सहित लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सागौन का अवैध परिवहन करते मोटरसाइकिल जब्त

**लटेरी।** वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में वन परिक्षेत्र लटेरी दक्षिण एवं उत्तर में अवैध कटाई और अतिक्रमण रोकने के लिए विशेष गश्ती दल सक्रिय है। वन क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसी दौरान परिक्षेत्र दक्षिण लटेरी की बीट तिलोनी के कक्ष पी-387 में अवैध रूप से सागौन लकड़ी का परिवहन करते हुए एक बाइक को वन अमले ने पकड़कर जब्त किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल किया जा रहा है।

### जंगल में मिली युवक की लाश, मोबाइल से पहचान

**लटेरी।** मुरवास थाना क्षेत्र अंतर्गत बरखेड़ा घोसी पंचायत के जंगल में मानव अंग मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक मोबाइल फोन मिला, जिसके आधार पर मृतक की पहचान मुगलसराय थाना क्षेत्र के ग्राम आधा रैला निवासी रामकृष्ण अहिरवार (पुत्र तोफन सिंह अहिरवार) के रूप में हुई। रामकृष्ण 9 मार्च को मामा के घर शादी में जाने के लिए निकला था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम सीमा सिसोदिया पत्नि प्रणव सिसोदिया है। पता स्वामी विवेकानंद कॉलोनी सुगर फैक्ट्री चौराहा मंडी रोड सिहोर म.प्र.। मेरे पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खातों में नाम सीमा सिसोदिया दर्ज है। विवाह के पहले अंकसूची में मेरा नाम सीमा राजपूत था। मेरी बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड की पालिसी क्र. 0269101621 में मेरा नाम सीमा राजपूत अंकित है। इस आश्य का शपथ पत्र प्रस्तुत है कि मेरी बजाज लाईफ इंश्योरेंस पालिसी में सीमा सिसोदिया दर्ज किया जाए।

### तरुण खटीक हत्याकांड: एक करोड़ मुआवजा और नौकरी की मांग

**विदिशा।** होली के दिन दिल्ली के उत्तम नगर में रहने वाले तरुण खटीक की हत्या के विरोध में विदिशा में खटीक समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए। मृतक के परिवार को 1 करोड़ सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

# गुलाबगंज में विधायक मुकेश टंडन की जनसुनवाई, बाजार का किया निरीक्षण, हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज



शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन गुलाबगंज की ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में किया गया। विधायक ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं। रागिनी अहिरवार ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से राशन कार्ड बनवाने के लिए परेशान थीं। उन्होंने विधायक को आवेदन दिया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें बीपीएल राशन कार्ड का आदेश दिलवाया गया। वहीं शोभाराम पाल ने बताया कि उन्हें सुनने में काफी परेशानी होती थी। उनकी समस्या को देखते हुए विधायक मुकेश टंडन ने उन्हें मौके पर ही कान की मशीन उपलब्ध कराई, जिस पर उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने भी अपनी मांग विधायक के सामने रखी। आकाश अहिरवार ने बताया कि युवाओं द्वारा जीपीएल विधायक नाइट टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आर्थिक सहायता की मांग की गई थी। इस पर विधायक ने तुरंत 51 हजार रुपए की राशि विधायक कप के आयोजन के लिए स्वीकृत कर दी, जिससे युवाओं में उत्साह देखा गया। जनसुनवाई के बाद विधायक मुकेश टंडन ने गुलाबगंज के मुख्य बाजार का भी निरीक्षण किया और व्यापारियों व स्थानीय लोगों से संवाद किया। इस दौरान जनपद सदस्य सचिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी सहित अन्य लोगों ने नल-जल योजना की नई पाइपलाइन जल्द चालू करने और गूलरखेड़ी में पाइपलाइन का कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी। विधायक ने जल निगम के अधिकारी पुलकित श्रीवास्तव को तत्काल निर्देश देते हुए कहा कि चार से पांच दिनों के भीतर नल-जल योजना शुरू की जाए और पाइपलाइन का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसके पश्चात विधायक मुकेश टंडन ने गुलाबगंज रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और मंदिर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना की।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री शिवप्रसाद जैन निवासी अरिहंत विहार कॉलोनी विदिशा म.प्र. द्वारा मुझे अधिकृत कर निम्नानुसार जाहिर सूचना प्रकाशित करने हेतु निर्देशित किया है कि स्व. श्री निरंजनसिंह पुत्र श्री रामचरणलाल निवासी ग्राम चिरौली तहसील व जिला रायसेन म.प्र. के वारिसानों में श्रीमति छाया किरार पत्नि स्व. श्री निरंजनसिंह किरार एवं प्रिया किरार पुत्री स्व. श्री निरंजनसिंह किरार के स्वामित्व व आधिपत्य का प्लाट स्थित मोहल्ला दुर्गाचौक वार्ड नं. 12 नया वार्ड कमांक 18, विदिशा स्थित प.ह.न. 60 नया 02 तहसील व जिला विदिशा स्थित भूमि आराजी सर्वे नं. 2078 रकबा 1.170 हे. भूमि में से एक भूखण्ड जो 20 फिट बाय 25 फिट यानि कुल 500 वर्गफिट है को क्रय करने का निश्चय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंधपत्र का निष्पादन करा लिया है अतिशीघ्र अवशेष विक्रयधन राशि अदाकर विक्रयपत्र का संपादन किया जाना है, उक्त प्लाट की चतुरसीमाएँ निम्नानुसार हैः- पूर्व में गली 5 फिट, उत्तर में सरकारी नाला, पश्चिम में दांगी जी का मकान, दक्षिण में मिथलेश पण्डाजी का मकान है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि स्थित भूखण्ड पर किसी व्यक्ति विशेष,बैंक, संस्था, सोसायटी, आदि का कोई ऋण या भार बकाया हो, अनुबंध या बंधकनामा हो अथवा किसी भी प्रकार से उक्त भूमि बाबत् कोई दीवानी अथवा राजस्व वाद विचाराधीन हो या किसी न्यायालय से कोई स्थगन हो या कोई उक्त वर्णित भूमि में अपना हित/दखल रखता हो तो वह अपने समस्त असल दस्तावेजों सहित जिस पर वह अपनी आपत्ति क्लेम करता हो अपनी लिखित आपत्ति मेरे कायालीन समय में उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर दर्ज करावे अन्यथा वाद गुजरने म्याद मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि स्थित भूखण्ड का विकयपत्र का संपादन करा लेवेंगे तदपश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व ऐसी स्थिति में संबंधित को होने वाले समस्त हर्जे खर्चे व परिणामों का उत्तरदायित्व स्वयं का होगा। अतः सूचित हो।

भवदीय **मुकेश ताम्रकार** एडवोकेट
65, वीर सावरकर मार्ग, सिटी कोतवाली के पास, मेन रोड, विदिशा म.प्र.
मो.- 94254-31921

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0177/ अपील / 2025-26
सुशीला देवी पत्नि तुलसीराम
निवासी शमशाबाद ......अपीलांट

बनाम

मनोज, रामबाबू पुत्रगण भागचंद, लक्ष्मीबाई बेवा भागचंद, करोडीलाल, खुशीलाल पुत्रगण मिश्रीलाल निवासी-ललरिया, बैरसिया ...................उत्तरवादीगण

// सूचना हेतु विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट सुशीला देवी पत्नि तुलसीराम निवासी-शमशाबाद के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के प्रकरण कं. 1130/अ-6/24-25 आदेश दिनांक 09.12.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी तिथि दिनांक 17.03.2026 नियत है। अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 11.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0178/ अपील / 2025-26
सुशीला देवी पत्नि तुलसीराम, सीमादेवी पत्नि राजकुमार साहू निवासी शमशाबाद ......अपीलांट

बनाम

हरिबाबू, बालमुकुंद पुत्रगण सुखलाल, पूनम, अनामिका, अपूर्वा पुत्रियां बालमुकुंद, लक्ष्मीबाई बेवा बालमुकुंद, कडोरीलाल, खुशीलाल पुत्रगण मिश्रीलाल निवासी-ललरिया, बैरसिया ...................उत्तरवादीगण

सूचना हेतु विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट सुशीला देवी पत्नि तुलसीराम निवासी-शमशाबाद के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के प्रकरण कं. 1129/अ-6/24-25 आदेश दिनांक 09.12.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी तिथि दिनांक 17.03.2026 नियत है। अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 11.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद**

### डिमांड के हिसाब से सिलेंडर सप्लाई कर रहीं कंपनियां, सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज

# 'सर्वर' अटकने से फंसी घरेलू गैस की ऑनलाइन बुकिंग, उपभोक्ता परेशान

**सर्वर समस्या से कई उपभोक्ताओं को समय पर नहीं मिल पा रहा है सिलेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था इन दिनों सर्वर की समस्या के कारण चरमराती नजर आ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस कंपनियों के सर्वर बार-बार अटकने से ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता कई-कई बार प्रयास करने के बाद भी सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। इससे रसोई गैस सिलेंडर का काम प्रभावित हो रहा है और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति बनी हुई है। उपभोक्ताओं समीर खान, मोहम्मद वसीम खान शेहबार खान का आरोप है कि गैस कंपनियां अपने हिसाब से एलपीजी गैस सिलेंडर की सप्लाई कर रही हैं। कई उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जबकि कुछ लोगों को जल्दी-जल्दी सिलेंडर मिल रहे हैं। इस अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं में भ्रम और असंतोष की स्थिति बन गई है।

उपभोक्ता आलोक राय, प्रवेश ठाकुर राजमणि पटेल हर्ष पटेल नीलेश धाकड़ ने बताया कि गैस बुकिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप का सहारा लिया जाता है। लेकिन सर्वर बार-बार डाउन होने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। कई बार बुकिंग करने के बाद भी कन्फर्मेशन मैसेज नहीं आता, जिससे यह भी स्पष्ट नहीं हो पाता कि बुकिंग हुई है या नहीं।

जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं के लिए एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि यदि ऑनलाइन बुकिंग में परेशानी आ रही है तो उपभोक्ता गैस एजेंसी एमआर गैस एजेंसी पाटनदेव अमन गैस एजेंसी भारत नगर कॉलोनी के अधिकृत नंबर, आईवीआर कॉल या एसएमएस के माध्यम से भी सिलेंडर बुक कर सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता अपनी नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर भी समस्या का समाधान करा सकते हैं।




**ग्रामीण में 45, शहर में 25 दिन में मिल रहा सिलेंडर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए 45 दिन की अवधि निर्धारित की गई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि 25 दिन है। यानी उपभोक्ता एक सिलेंडर लेने के बाद तय समय पूरा होने पर ही अगला सिलेंडर बुक करा सकते हैं। इससे उन परिवारों को ज्यादा परेशानी हो रही है जहां सदस्य अधिक हैं और गैस की खपत भी ज्यादा होती है।

### अब तक 58 शिकायतें

जिले में इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। जिला खाद्य विभाग के अधिकारी राजू कातुलकर के अनुसार अब तक गैस बुकिंग और सप्लाई से जुड़ी 58 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हो चुकी हैं। शिकायतों में प्रमुख रूप से सर्वर डाउन, समय पर सिलेंडर नहीं मिलना और बुकिंग कन्फर्म नहीं होने जैसी समस्याएं सामने आई हैं।

### इनका कहना है

जिला खाद्य विभाग के निरीक्षक संगीता बंजारा का कहना है कि गैस कंपनियों से भी इस संबंध में चर्चा की गई है और सर्वर समस्या को जल्द ठीक करने के लिए कहा गया है। एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

### रसोई गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानियां

जिले में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गैस टंकी की बुकिंग अवधि और सीमित सिलेंडर की व्यवस्था के कारण कई परिवारों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक सिलेंडर खत्म होने के बाद नया सिलेंडर बुक कराने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। जिससे रसोई का बजट और व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या और भी गंभीर बताई जा रही है। कई गांवों में गैस एजेंसी की दूरी अधिक होने के कारण सिलेंडर की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार बुकिंग के बाद भी सिलेंडर आने में कई दिन लग जाते हैं। इससे घर की रसोई व्यवस्था प्रभावित होती है और लोगों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।, शहर के उपभोक्ताओं ने भी शिकायत की है कि 25 दिन की बुकिंग अवधि होने के बावजूद कई बार गैस की डिलीवरी में देरी हो जाती है।

# पुलिस ने किया चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा

**25 लाख रुपए सोने के जेवर, कार बरामद**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

जिले की गैरतगंज में एक ज्वैलर्स की दुकान से हाट बाजार के दिन करीबन पच्चीस लाख रूपये के जेवर चोरी हो गए थे। पुलिस ने एक अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम के अधिकारियों द्वारा महिला चोर गैंग की एक रेकी करने वाले आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। उसके पास से चोरी गए गहनों के डिब्बे भी जब्त कर लिए हैं। बाकी महिला गैंग की पांचों आरोपी फिलहाल पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।

गत 28 फरवरी को फरियादी गौरव सोनी पिता रामबाबू सोनी निवासी किसानी मोहल्ला गैरतगंज ने थाना गैरतगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामजानकी मार्केट स्थित उसकी सोने-चांदी की दुकान से पांच अज्ञात महिलाएं सोने के आभूषणों से भरा एक बॉक्स चोरी कर ले गई हैं। चोरी की इस घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गैरतगंज डी.पी. लोहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में लगे करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए ,महिलाओं के आने-जाने के रास्तों की बारीकी से तस्दीक की गई।

मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम को राजस्थान रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा जिला बारां (राजस्थान) में कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त होंडा अमेज कार (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) करीब 120 ग्राम सोने के आभूषण (कीमत लगभग 20 लाख रुपये) आरोपी भरत बागरी से जब्त किए गए। चोरी की इस घटना में शामिल अन्य पांच महिला आरोपियों की हुई पहचान।

# जिपं बैठक में सड़कों पर बवाल, खराब सड़कों को लेकर भड़के जिपं के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सड़कों की खराब हालत को लेकर जमकर हंगामा हुआ। जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। सदस्यों का कहना था कि क्षेत्र में सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि जनता का गुस्सा अब निकल रहा है।

बैठक में जिपं सीईओ कमल सोलंकी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा विशेष रूप से मौजूद रहे। जैसे ही बैठक की कार्यवाही शुरू हुई, कई सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों की बदहाल स्थिति का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। जिला पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई सड़कों की हालत बेहद खराब है। कहीं गड्ढे ही गड्ढे हैं तो कहीं सड़कें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। ऐसे में लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अन्य जिप सदस्यों ने अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि जब वे अपने क्षेत्र में जाते हैं तो ग्रामीण उनसे सड़कों की समस्या को लेकर सवाल करते हैं। ऐसे में उन्हें जनता के बीच जवाब देना मुश्किल हो रहा है। जिप सदस्य ऊषा सोनू मीणा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे में हम पब्लिक के बीच किस तरह मुंह दिखाने जाएं। जनता हम पर नाराज हो जाती है और खरीखोटी सुनाती है।




बैठक के दौरान कई जिप सदस्यों ने यह भी कहा कि बार-बार सड़कों की मरम्मत और निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन संबंधित विभाग ने आश्वासन दिया। उन्होंने मांग की कि जिले की खराब सड़कों का सर्वे कराया जाए और प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इस पर सीईओ कमल सोलंकी ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि खराब सड़कों का जल्द सर्वे जल्दी कराया जाएगा।

# विवाहों का सीजनः बाजारों में खरीदारों की भीड़

**दुकानदारों, हाथ ठेलों का सड़कों पर अतिक्रमण से विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शादी, विवाहों का सीज़न होने से नगर की सडक्रो पर अतिक्रमण के कारण खरीददार महिला-पुरुषों को जोखिम भरी स्थिति में सडक्रों पर चलना मजबूरी बना हुआ है। नगर में यातायात के हालात सडक्रों दुकानों के सामने मनमाना अतिक्रमण होने से खराब और असुरक्षित बने हुए है।

किसी नगर की पहचान उसकी बेहतर यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण मुक्त सडक्रों से होती है। नगर की हालत ठीक इसके विपरीत बनी हुई है। मुख्य सडक्रों पर हाथ ठेलों और दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण और दुकानों के सामने सडक्रों के किनारे दो पहिया, चार पहिया वाहनों को खड़ा कर देने से जाम लगने और विवाद की स्थितियां सुबह से शाम तक बनती रहती है। नगर की यातायात व्यवस्था पुलिस स्थानीय प्रशासन की परवाह किए भगवान भरोसे बनी हुई है।




कब्रिस्तान चौराहे से नवीन टाकीज़ मार्ग पर वर्षो पूर्व लाखों की राशि खर्च कर फाउंटेन फब्बारा बनाया गया था। पिछले वर्ष अतिक्रमण रोकने के कारण उसे न.प. द्वारा तोड़ दिया फब्बारा तो तोड़ दिया परन्तु अतिक्रमण नहीं रूका बल्कि अब चौड़ी हुई सडक्र के बीचों-बीच दिन भर वाहन खड़े रहने के साथ दुकानों, हाथ ठेलों का अतिक्रमण हमेशा सुरक्षित यातायात में बाधा बन रहा है।

नगर की सुन्दरता के लिए बना एक मात्र फब्बारा टूट हट गया और अतिक्रमण पहले से अधिक और सडक्र पर चलने वालों के लिए भारी परेशानियों का कारण बन रहा है। नगर की एक प्रमुख सडक्रों बाजारों में फैले रहने वाले अतिक्रमण को हटाने व्यवस्थित करने के प्रति यातायात पुलिस न.प. स्थानीय प्रशासन की गहरी उदासीनता है। कभी भी विवाद घटना बड़ी अशांति का कारण भी बन सकती है।

एकता भाईचारे की दी मिसाल

# कानपोहरा में उपसरपंच ने कराया सामूहिक इफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रमजान माह के पवित्र महीने में जिलेभर में रोजा इफ्तार कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में हर साल की तरह इस साल भी ग्राम कानपोहरा में उपसरपंच शेर सिंह लोधी द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। रोजेदारों ने रोजा खोलने के बाद देश और क्षेत्र में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। इस अवसर पर



मौजूद लोगों ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, आपसी प्रेम और सहयोग का संदेश देता है।

इफ्तार में सभी समाजों की सहभागिता ने गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में समाजसेवी और ग्रामीणजन भी मौजूद रहे।

# तेज धूप से बढ़ी गर्मी, रबी फसलें पककर हुई तैयार, कटाई कार्य में तेजी से जुटे किसान

**चने की पैदावार को लेकर किसानों में चिंता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र में इन दिनों तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ दिनों में मौसम में अचानक बदलाव आया है, जिससे दोपहर के समय चिलचिलाती धूप लोगों को काफी परेशान कर रही है।

तापमान में लगातार बढ़ोतरी के कारण जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं खेतों में खड़ी रबी की फसल भी तेजी से पकने लगी है। किसानों के अनुसार



तेज धूप और साफ मौसम के कारण गेहूं, चना और मसूर जैसी प्रमुख रबी फसलें अब पकाव की स्थिति में पहुंच रही हैं। इससे आने वाले दिनों में कटाई का कार्य तेजी से शुरू होने की संभावना है। खेतों में फसल का रंग बदलने लगा है और कई स्थानों पर किसान कटाई की तैयारियों में जुट गए हैं।

कृषि क्षेत्र में इन दिनों किसानों की व्यस्तता बढ़ गई है। किसान अपनी फसलों की समय पर कटाई के लिए आवश्यक इंतजाम करने में लगे हुए हैं। कई गांवों में हार्वेस्टर मशीनों की व्यवस्था की जा रही है, जबकि कुछ किसान पारंपरिक तरीके से भी कटाई की तैयारी कर रहे हैं। मौसम साफ रहने और धूप तेज होने से फसल पकने की प्रक्रिया तेज हो रही है, जो कटाई के लिए अनुकूल मानी जा रही है।

हालांकि इस बार चने की फसल को लेकर किसानों के बीच चिंता भी देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष चने की पैदावार सामान्य से कम रहने की संभावना है। कई खेतों में चने की फसल पर उकसा रोग का प्रभाव देखा गया, जिससे उत्पादन पर असर पड़ेगा।

20 उपभोक्ताओं ने जमा किए डेढ़ लाख

# बालमपुर में बिजली विभाग ने लगाया समाधान योजना कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित ग्राम बालमपुर में बिजली कंपनी द्वारा गुरुवार को समाधान योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल जमा करने की सुविधा प्रदान करना और उन्हें समाधान योजना का लाभ दिलाना था।

शिविर के दौरान करीब 20 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान किया, जिससे कुल लगभग 1.5 लाख रुपये की राशि जमा हुई। इसके अलावा कुछ उपभोक्ताओं ने



बिजली विभाग पहुंचकर भी अपने बिलों का भुगतान किया।

कैंप के दौरान कई उपभोक्ताओं ने शासन की समाधान योजना का लाभ उठाते हुए अपने पुराने बकाया बिलों का निपटान किया। गांव में ही शिविर लगाए जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिली और उन्हें दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**काम की रफ्तार धीमी होने से डीपीसी नाराज, तेजी के दिए निर्देश**

# सात केंद्रों पर 5वीं-8वीं की कॉपियों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 7 केंद्रों पर चल रहा है, लेकिन काम की गति काफी धीमी बताई जा रही है। अब तक कुल कॉपियों में से करीब 60 से 70 फीसदी ही मूल्यांकन कार्य पूरा हो पाया है। धीमी प्रगति को लेकर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ने नाराजगी जताते हुए सभी मूल्यांकन शिक्षकों को समय पर पहुंचकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार जिले में बनाए गए सात मूल्यांकन केंद्रों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके बावजूद कई शिक्षक देर से पहुंच रहे हैं या अनुपस्थित रह रहे हैं, जिसके कारण कॉपियों की जांच की रफ्तार प्रभावित हो रही है।

डीपीसी ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हर शिक्षक समय पर केंद्र पहुंचे और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कॉपियों का मूल्यांकन करें, ताकि तय समय सीमा में परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया प्रभावित न हो। शिक्षा विभाग के सामने अब समय पर परिणाम जारी करना बड़ी चुनौती बन गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि मूल्यांकन की रफ्तार नहीं बढ़ी तो परिणाम जारी करने में देरी हो सकती है। इसलिए सभी केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और प्रभारियों को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कक्षा पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। सातों विकासखंडों में मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, जहां शिक्षक निर्धारित समय से अधिक समय तक उत्तरपुस्तिकाओं की जांच कर रहे हैं। डीपीसी श्री रेकवार ने शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य जल्द निपटाने को कहा है।



### रोजाना तय किया है लक्ष्य

मूल्यांकन कार्य को तेज करने शिक्षकों के लिए प्रतिदिन निश्चित संख्या में उत्तरपुस्तिकाएं जांचने का लक्ष्य तय किया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी शिक्षक नियमित केंद्र पर उपस्थित रहें और लक्ष्य के अनुसार कॉपियां जांचें तो कार्य जल्द पूरा हो सकता है।

# सृजन कार्यक्रम का समापन बालिकाओं ने प्रस्तुत किया मार्शल आर्ट का डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस विभाग,वेलस्पन फाउंडेशन के सहयोग से एकीकृत हायर सेकेंडरी स्कूल सलामतपुर में सृजन समापन कार्यक्रम किया।

मध्यप्रदेश सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम मे दिनेश रघुवंशी थाना प्रभारी सलामतपुर, अवधनारायण राय प्राचार्य एकीकृत हायर सेकेंडरी सलामतपुर शेरसिंह राजपूत सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सलामतपुर, मार्शल आर्ट ट्रेनर दिनेश दिवाकर आरक्षक पुलिस विभाग रायसेन, निवसीड बचपन भोपाल से राजीव भार्गव, संजय सिंह, हरिओम परसाई, रिंकू दुबे ओमप्रकाश रैकवार, शिवम शर्मा निहारिका, नेहा मेहरा, पूजा कुशवाहा, प्रियंका शाक्य की उपस्थित रही।




कार्यक्रम में सृजन की बालिकाओं द्वारा मार्शल आर्ट डेमो दिया और बच्चों के द्वारा सृजन कार्यक्रम के अनुभव साझा किया। मार्शल आर्ट के साथ साथ मोटिवेशन क्लास में सायबर सुरक्षा,बाल सुरक्षा, स्वास्थ्य,जीवन कौशल, करियर परामर्श आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों द्वारा मार्शल आर्ट डेमो, पावर वाक, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी थाना प्रभारी सर द्वारा बच्चों के इस सराहनीय पहल के लिए सभी को बधाई दी। सृजन कार्यक्रम को रेगुलर क्लास लगाने को लेकर विचार रखा गया